दैनिक जागरण 19/09/2024

सामान्य स्वास्थ्य पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज छावनी के एनसीसी विंग, एनएसएस सैल, ब्लड बैंक तथा डिस्पेंसरी कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से कृमिनाशक तथा सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता पर राष्ट्रीय सेमिनार कराया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डा. सीमा कंसल ने कहा कि कृमि मुक्ति कार्यक्रम साल 2015 में भारत में शुरू किया गया था और इसका लक्ष्य लगभग 240 मिलियन बच्चों को लक्षित करना है। इस अवसर पर 91 छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही जिनमें से 61 एनसीसी कैडेट्स रहे। छात्रों को कृमि नाशक दवाइयां भी वितरित की गयी।

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी व अन्य। • सौजन्य विज्ञप्ति